दैनिक भास्कर
खंडवा भास्कर 20-08-2023

साइबर शिक्षा व सुरक्षा पर किया नाटक का मंचन

खंडवा | शहर के सुंदर बाई गुप्ता कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में शनिवार को सेवा भारती क्विक हील फाउंडेशन एवं खंडवा पुलिस के सहयोग से साइबर सुरक्षा तथा साइबर शिक्षा के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इसके माध्यम से विभिन्न अपराधों जैसे सोशल मीडिया, धोखाधड़ी, स्पेम संदेश, दुर्भावना पूर्ण लिंक और सोशल इंजीनियरिंग के बारे में साइबर क्राइम की जानकारी दी गई। ताकि छात्राएं भविष्य में होने वाले साइबर अपराध से सुरक्षित रहे। कार्यक्रम के अंत में शाला प्राचार्य डॉ. वंदना तिवारी ने सभी का आभार माना।